‘अडॉप्ट एन आँगनवाड़ी-कार्यक्रम

चर्चा में क्यों?

1 जनवरी, 2022 को मध्य प्रदेश में आँगनवाड़ी केंद्रों को सुदृढ़ करने के लिये समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से ‘अडॉप्ट एन आँगनवाड़ी’कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

प्रमुख बिंदु

- कार्यक्रम में आँगनवाड़ी केंद्रों को अपनाने के लिये जन-प्रतिनिधि, शासकीय कर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता, सामाजिक संगठन, गैर-शासकीय संस्थाएँ, औद्योगिक संस्थाएँ और अन्य संगठन अधो-संरचना, आँगनवाड़ी संचालन, पोषण सुधार आदि गतिविधियों में सहयोग कर सकते हैं।
- आँगनवाड़ी केंद्रों को अपनाने के लिये आँगनवाड़ी भवन एवं परिसर के लिये भूमि, आँगनवाड़ी भवन और कक्षों का निर्माण, पूर्व से निर्मित भवनों का सुधार, रंग-रोगन, पूर्व से निर्मित भवनों की बाउंड्री-वॉल का निर्माण, केंद्र में हैंड-पंप की स्थापना, बच्चों के लिये सुलभ शौचालय आदि के निर्माण में अपना सहयोग कर सकते हैं।
- इसके अतिरिक्त आँगनवाड़ी संचालन में सहयोग के लिये आउटडोर एवं इंडोर खेल सामग्री का प्रदाय, बच्चों को यूनिफॉर्म उपलब्ध कराना तथा केंद्र के संचालन में आवश्यक सामग्री जैसे पंखा, घड़ी, फर्नीचर, बर्तन आदि उपलब्ध करा सकते हैं।
- साथ ही जन-प्रतिनिधि बच्चों के पोषण सुधार के लिये आवश्यक वित्तीय अथवा पोषण सामग्री का प्रदाय, अति कम वज़न वाले बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्रों में भेजने के लिये आवश्यक सहयोग तथा उनके परिवार को आवश्यकतानुसार वित्तीय सहयोग अथवा सामग्री के रूप में सहायता प्रदान कर सकते हैं।
- आँगनवाड़ी केंद्रों को अपनाने के लिये ज़िला स्तर पर ज़िला कलेक्टर को सहयोग राशि प्रदान की जा सकेगी। राशि, चेक अथवा बैंक ड्राफ्ट के रूप में ही स्वीकार की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/adopt-an-anganwadi-program